संख्या–882/पॉच–5–2020

प्रेषक,

वी0 हेकाली झिमोमी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ।**
2. **महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उ0प्र0 लखनऊ।**
3. **महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।**
4. **निदेशक, संचारी रोग, उ0प्र0 लखनऊ।**

चिकित्सा अनुभाग–5 **लखनऊ; दिनांकः 16 अप्रैल, 2020**

विषयः– कोरोना वायरस के संबंध में अधिकारियों/कर्मचारियों को सचेत करने हेतु "आरोग्य सेतु" एप डाउनलोड करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा लोगों को कोरोना वायरस के खतरे से सतर्क करने एवं इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करने हेतु **"आरोग्य सेतु"** एप डाउनलोड करने की अपील की गयी है। यह एप एंड्रॉयड एवं आई0ओ0एस0 मोबाइल दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

2– अनुरोध है कि कृपया अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराते हुए मोबाइल फोन पर **"आरोग्य सेतु"** एप डाउनलोड कर इसका उपयोग करने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें। **"आरोग्य सेतु"** एप डाउनलोड करने की सूचना चिकित्सा अनुभाग–5 की ई–मेल आई0डी0 sadmedical05@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

भवदीय,

(वी0 हेकाली झिमोमी)
सचिव।

संख्या–882(1)/पांच–5–2020, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. विशेष सचिव, आई0टी0 इलेक्ट्रानिक्स, उ0प्र0 शासन।
2. अधिशासी अधिकारी, सिप्सा, उ0प्र0 लखनऊ।
3. परियोजना निदेशक, राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, उ0प्र0 लखनऊ।
4. अधिशासी निदेशक, यू0पी0टी0एस0यू0, उ0प्र0 लखनऊ।
5. प्रबन्ध निदेशक, यू0एम0एस0सी0, उ0प्र0 लखनऊ।
6. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, साचीज, उ0प्र0 लखनऊ।

आज्ञा से,

(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।